नवभारत टाइम्स

स्वामी अग्निवेश ने द्रमुक प्रमुख स्टालिन से मुलाकात की

भाषा| Dec 1, 2018, 07.40 PM IST

चेन्नई, एक दिसंबर (भाषा) सामाजिक कार्यकर्ता और आर्य समाज के नेता स्वामी अग्निवेश ने शनिवार को यहां द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन से मुलाकात की। द्रमुक ने एक विज्ञप्ति ने बताया कि स्वामी अग्निवेश ने स्टालिन से औपचारिक मुलाकात की। स्टालिन ने बंधुआ मजदूरी के उन्मूलन में उनके कार्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके कार्यों की प्रशंसा की। दोनों के बीच बैठक पार्टी मुख्यालय में हुई। स्वामी अग्निवेश ने स्वयं के द्वारा लिखित किताब 'एप्लाइड स्पिरिचुएलिटी' द्रमुक प्रमुख को भेंट की।